वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 22 मार्च 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

सुकमा में माओवादी हमले में वीरगति को प्राप्त हुए जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि: अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में माओवादियों के कायराना हमले में शहीद हुए स्पेशल टास्क फ़ोर्स और डिस्ट्रिक्ट रिज़र्व गार्ड के 17 जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "ऐसे समय में जब पूरा देश कोरोना वायरस की महामारी से लड़ रहा है, तब जवानों पर माओवादियों का इस तरह का हमला माओवादियों की अमानवीयता तथा पाशविक प्रवृत्ति को दर्शाता है। अभाविप शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है तथा उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती है। अभाविप सरकार से मांग करती है कि माओवादियों पर कड़ी कार्रवाई हो तथा इस करोना वायरस की समाप्ति के पश्चात माओवादी रूपी कोरोना वायरस से भी भारत को मुक्त किया जाए"।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)